
**दिनांक 13.12.2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के विभिन्न घटकों पर विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में, आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुर्नगठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 13.12.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–23.12.2024 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3. शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियंता, इले0 एण्ड मैके0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
5. श्री नरैन सिंह गिल, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
6. श्री मोहनीश शारदा, क्यू.ए./क्यू.सी.इंजी., सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
7. श्री आर.के.शुक्ला, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
8. अनुराग कुमार सिंह, सहायक अभियंता, एसडब्लूएसएम, हमीरपुर।
9. श्री शैलेन्द्र गुप्ता, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
10. श्री संगम नाथ पाण्डेय, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
11. श्री अमरेन्द्र कुमार सिंहा, असिस्टेंट जनरल मैनेजर, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
12. श्री प्रमोद, ए.जी.एम. JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
13. श्री राकेश पारिख, डी0पी0एम0, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
14. श्री प्रगांशु गुप्ता, मैनेजर, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
15. श्री सोनू कुमार, मै0 अनिल कुमार शर्मा।
16. श्री अरविन्द सिंह, मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता।
17. श्री अशोक कुमार, श्री हरि इन्फ्रा प्रा0 लि0।
18. श्री प्रिंस सिंह राजपूत, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन।



फर्म जे.डब्लू.आई.एल.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 131 ग्रामों के सापेक्ष 125 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण तथा 06 ग्रामों में अवशेष है तथा 13 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार विकास खण्ड सुमेरपुर व मौदहा में 154 मार्गो के सी0सी0/बी0ओ0ई0/इण्टरलाकिंग



Scanned with OKEN Scanner

रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है। फर्म के पास पर्याप्त मैनपावर न होने के कारण रोड़–रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणिकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

कार्यदायी फर्म पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 02 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य तथा 10 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार विकास खण्ड कुरारा, राठ, गोहाण्ड, सरीला व मुस्करा में 264 मार्गों के सी0सी0/बी0ओ0ई0/इण्टरलाकिंग रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है। फर्म के पास पर्याप्त मैनपावर न होने के कारण रोड़–रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणिकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर रोड़ रेस्टोरेशन तथा हर घर जल प्रमाणीकरण दिनांक 10.01.2025 के पूर्व पूर्ण करा लिया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों को कार्य पूर्ण कर ऑपरेशन एण्ड मेन्टिनेन्स (O&M) में जाना है यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पूरा करा लिया गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा ग्रामों में चौपाल लगाकर सत्यापन करा लिया जाय कि मार्गों के रेस्टोरेशन व नल संयोजन का कार्य गुणवत्तापूर्ण करा लिया गया है तथा रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन व नियमित रूप से शत–प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है, सत्यापन आख्या उपलब्ध करायें।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 अनिल कुमार शर्मा द्वारा नलकूप से अवर जलाशय तक पाइप लाइन नहीं डाली गयी है, जिसके कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र नलकूप से अवर जलाशय को कनेक्ट कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म श्री हरि इन्फ्रा प्रा0लि0 द्वारा 02 अवर जलाशय, 517 नल संयोजन तथा 03 ग्रामों में रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य शेष है। कार्यदायी फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–02.01.2025 तक अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर 10.01.2025 तक कार्य पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा 01 अवर जलाशय, 800मी0 पाइप लाइन, 181 नल संयोजन तथा 02 ग्रामों में 06 मार्गों के रेस्टोरेशन का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर 10.01.2025 तक अवशेष कार्य पूर्ण करा लिया जाय।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन द्वारा 01 अवर जलाशय, 1.69 किमी0 पाइप लाइन बिछाने तथा 10 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर 10.01.2025 तक अवशेष कार्य पूर्ण करा लिया जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय अधिकारी के माध्यम से ग्राम चौपाल का आयोजन कराकर सत्यापन करा लिया जाय कि



Scanned with OKEN Scanner

ग्राम में नल संयोजन व रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण पूरा कर लिया गया है, कोई भी गली/मोहल्ला अवशेष नहीं है तथा पूरे ग्राम में रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है, कार्य अवशेष होने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाय। ग्रामों में कार्य पूर्ण होने के बाद योजना हैण्डओवर किये जाने से पूर्व ग्राम की खुली बैठक का आयोजन कराया जाय। ग्राम पंचायत/अवर जलाशयों पर जलापूर्ति का निर्धारित समय, जिम्मेदार व्यक्ति का नाम व मो0नं0 तथा योजना का विवरण अंकित कराया जाय। जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाओं के माध्यम से लोगों के जल संरक्षण आदि के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक कराया जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को जल संरक्षण के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाये जाने का सुझाव दिया गया जिससे वर्षा तथा घरों से बहने वाले फालतू जल का संचयन किया जा सके तथा भूमि का जल स्तर बना रहे, जल स्रोतों तथा अन्य स्थलों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(सुरेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर

(A n ISO 9001:2015 Certified Collectorate)

दिनांक–24 दिसम्बर, 2024

पत्र संख्या–878/न0गं0–जे0जे0–सा0वि0(2024–25)

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
8. अधिशासी अभियंता वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
9. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्तिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner